तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



कलेक्टोरेट के सामने अवैध पार्किंग के कारण लगा रहा जाम।

खबर संक्षेप

अभिषेक का नगर आगमन आज

बिलासपुर। प्रख्यात साहित्यकार स्व. श्रीकांत वर्मा एवं सांसद स्व. वीणा वर्मा के पुत्र एवं श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के प्रमुख अभिषेक वर्मा 22 फरवरी को विशेष विमान से चकरभाठा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। श्री वर्मा यहां कोर्टयार्ड मैरियट में रात 8 बजे आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आश्वासन के बाद कैट ने बंद का निर्णय लिया वापस

बिलासपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट बिलासपुर इकाई और व्यापारियों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक के बाद शहर बंद का निर्णय वापस ले लिया गया। हाल ही में तेलीपारा स्थित दुकान में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई जबरन वसूली, मारपीट और धमकाने की घटना के बाद 23 सितंबर को 'बिलासपुर बंद' का आह्वान किया गया था। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई बैठक में पुलिस ने व्यापारियों को सुरक्षा देने और सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद बंद का निर्णय वापस ले लिया गया।

कांग्रेस सह प्रभारी जांगिड़ का दौरा

बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ छत्तीसगढ़ दौरा पर आ रहे हैं। वे 21 सितंबर को रायपुर पहुंचेंगे और संभागीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। 22 को संभागीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में भाग लेंगे। बुधवार को श्री जांगिड़ बिलासपुर पहुंचेंगे और शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होंगे।

बदहाली में तिमाही परीक्षा : आठवीं तक में यही हालत

ब्लैक बोर्ड में प्रश्न लिखा, बच्चों ने कापियों के पन्ने फाड़कर बनाई आंसरशीट





- 9 वीं से 12 वीं तक में कोरे कागज में प्रश्न बनाया और इसकी फोटोकापी कराकर छात्रों को बांटी गई
- शिक्षा विभाग ने इसके लिए फंड नहीं होने का हवाला दिया, लापरवाही के कारण बनी हालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के साथ ही प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में तिमाही परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। पूरी तरह अव्यवस्था के बीच शुरू हुई यह परीक्षा महज बनकर रह गई।पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए कोई प्रश्नपत्र नहीं था इसके लिए ब्लैक बोर्ड में प्रश्न लिखे गए। बच्चों ने अपनी कापियों से पन्ने फाड़कर आंसरशीट बनाया और उत्तर लिखा। शिक्षा विभाग ने इसके लिए फंड नहीं होने का हवाला दिया। यही नहीं 9 वीं से 12 वीं तक की हालत भी वही रही और शिक्षकों ने हाथ से कोरे कागज में प्रश्न बनाया और इसकी फोटोकापी कराकर छात्रों को बांट दी। पूरे परीक्षा के दौरान छात्र परेशान रहे। अधिकारियों के अनुसार फंड तो आया था लेकिन उसका उपयोग नहीं हो सका। क्यों नहीं हो सका इसका उत्तर किसी के पास नहीं है।

सरकारी स्कूलों में पढाई के साथ ही परीक्षा में सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सोमवार को विभिन्न स्कूलों में दिखा। कहीं ब्लैक बोर्ड में प्रश्न पत्र लिखा जा रहा था तो कहीं प्रश्न पत्र डाउन लोड कर बच्चों के बीच फ़ोटो कॉपी बांटी जा रही थी। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहली से आठवीं तक के प्रश्नपत्र पहले ब्लाक स्तर पर शिक्षकों की एक टीम ने तैयार किया। फिर इसका पीडीएफ बनाया गया और परीक्षा से एक दिन पहले मतलब कि रविवार की रात को इसे सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों के पास भेजा गया। प्रधानपाठकों ने इसे स्कूल के शिक्षकों को दिया और उन्होंने इन प्रश्नों को ब्लैकबोर्ड में लिखा। इसे देखकर बच्चों ने अपनी स्कूल की कापियों में उत्तर लिखा। ध्यान रहे कि इस बार की पहली से आठवीं तक की तिमाही परीक्षा 21 से 26 सितंबर तक और 9 वीं से 12 वीं तक की परीक्षा 21 सितंबर से 30 सितंबर तक ली जा रही है। पहले दिन हिंदी का पेपर हुआ।

सुधार का किया जा रहा प्रयास

प्रश्नपत्र पहले ब्लाक स्तर पर शिक्षकों की एक टीम ने तैयार किया। फिर इसका पीडीएफ बनाया गया और परीक्षा से एक दिन पहले हेडमास्टरों के पास भेजा गया। पहले भी यही व्यवस्था थी। इसमें सुधार की कोशिश की जा रही है।

- संदीप पांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

पहले प्रति छात्र मिलते थे 120 रुपए

ध्यान रहे कि इससे पहले तिमाही, छमाही और वार्षिक परीक्षा के लिए समग्र शिक्षा की ओर से पहली से आठवीं तक के लिए प्रति छात्र 120 रुपए का आबंटन स्कूलों को मिलता था। इसी राशि से प्रश्नपत्र प्रिंट कराए जाते थे। इसके बाद शासन की ओर से सीधे जिला शिक्षा विभाग को आबंटन दिया जाने लगा। इस साल लेकिन यह राशि भी नहीं दी गई इसलिए ही पीडीएफ बनाकर ब्लैकबोर्ड में प्रश्न लिखने की नौबत आई। परीक्षा दे रहे छात्रों ने बताया कि प्रश्न को पहले अपनी उत्तर पुस्तिका में खुद उतारना पड़ा। इसके बाद उत्तर लिखनी पड़ी। इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण समय प्रश्नपत्र लिखने में ही खर्च हो गया। इससे अतिरिक्त दबाव पड़ा और परीक्षा देने की सहजता भी प्रभावित हुई।

फंड की उपलब्धता फिर भी लापरवाही

9 वीं से लेकर 12 वीं तक की परीक्षा भी इसी बदहाली का शिकार हुई। गौरतलब है कि (आरटीई शिक्षा के अधिकार) के तहत पहली से आठवीं तक के बच्चों से कोई शुल्क नहीं ली जाती है। इसलिए हमेशा ही फंड का रोना रोया जाता है। 9 वीं से 12 वीं तक के बच्चों शुल्क लिया जाता है। इसमें कक्षा 9वीं से 10वीं के बच्चों से 410 रुपए सालाना और 11वीं से 12वीं तक के बच्चों से 445 सालाना शुल्क लिया जाता है। इसके बाद भी इन चारों कक्षाओं के बच्चों की तिमाही परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र सही तरीके से नहीं छपवाए गए थे। बकायदा इसके लिए फंड भी था लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और सुस्ती के कारण कोरे कागज पर लिखे गए प्रश्नों की फोटोकापी कराकर छात्रों को बांटे गए।

साउंड बाक्स बंद कराने के विवाद में खूनी संघर्ष, 1 मौत, 4 घायल

मस्तूरी गतौरा की घटना : 14 आरोपी गिरफ्तार









मृतक | घायल | घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात गणेश पंडाल का साउंड बाक्स बंद कराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने गणेश पंडाल में बैठे लोगों पर फरसा, कुल्हाडी, चाकू, डंडा, पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, ग्राम गतौरा जनकपहरी में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। 20 सितंबर की रात 10 बजे पंडाल में समिति के सदस्यों के द्वारा गाना बजाया जा रहा था। इसी दौरान पास में रहने वाले सूरज राठौर एवं उसके घरवालों ने पंडाल में जाकर साउंड बाक्स बंद करने कहा, इस बात पर उसका समिति के सदस्यों के साथ विवाद होने लगा। पहले दोनों पक्षों के बीच तू तू मै मै होती रही। रात 10.30 बजे सूरज राठौर के साथ बड़ी संख्या में लोग हथियार से लैस होकर पंडाल पहुंच गए, इन्होंने पंडाल में बैठे लोगों पर फरसा, कुल्हाड़ी, चाकू, डंडा, पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर शराबा से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर भाग गए। लोगों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर गई तो पांच लोग खून से लथपथ पड़े हुए थे और कुल्हाड़ी, चाकू, डंडा इधर उधर पड़ा हुआ था। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शैलेष कुमार राठौर उर्फ राजा पिता ब्यास नारायण राठौर 30 साल, रवि राठौर, ब्यास नारायण राठौर, विक्रम राठौर, विकास राठौर को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान शैलेष कुमार राठौर की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों का सिम्स में इलाज चल रहा है।

रिश्तेदार भी हो गए घायल

प्रत्यक्षदर्शी लिमतरा निवासी विक्रम राठौर ने बताया, बिदर कार्यक्रम में शामिल होने मृतक शैलेष कुमार राठौर के घर गए थे और अन्य रिश्तेदार भी आए हुए थे। रात में गणेश पंडाल में सभी बैठे थे। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने पंडाल में आकर साउंड बाक्स बंद करने की बात कहते हुए गाली गलौज की। कुछ देर बाद बड़ी संख्या में लोग आए और उन पर ताबड़तोड़ फरसा, कुल्हाड़ी, चाकू, डंडा, पत्थर से हमला कर दिया।

चल रही थी पुरानी रंजिश

पुलिस के अनुसार, मृतक व आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, दोनों परिवारों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच कई बार विवाद हो चुका था। रविवार की रात साउंड बाक्स बंद करने व पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों की विवाद शुरू हुआ था।

14 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने देर रात गांव में दबिश देकर आरोपी सूरज राठौर, बोधी राठौर, दिलीप कुमार राठौर, दीपक कुमार राठौर, रोहित, शंकर, आकास, आर्यन, लालू, रवि, सुनील, सोनू सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल्डाड़ी, चाकू, डंडा जब्त कर लिया है।

की जा रही कार्रवाई

रविवार की रात गणेश पंडाल में बज रहे साउंड बाक्स को बंद करने के लिए दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोपी पक्ष के लोगों ने पंडाल में बैठे लोगों पर धारदार हथियार, लाठी से हमला कर दिया, जिससे एक युवक की मौत हो गई और 4 लोग घायल हुए हैं। 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- कपिलदेव चंद्रा मस्तूरी टीआई






हर वर्ग से जुड़ाव
हर व्यक्ति से अपनापन
आदित्य अग्रवाल
(कान्हा)
लोकप्रिय विधायक
अमर भैय्या
को जन्मदिवस की
मंगलमयी शुभकामनाएं...
मनीष अग्रवाल
भाजपा बिलासपुर
सहदेव कश्यप
भाजपा बिलासपुर
सबका साथ
सबका विकास
सबका विश्वास
सबका प्रयास

खबर संक्षेप

टीआई सहित तीन पुलिसकर्मियों का तबादला

बिलासपुर। 21 सितंबर। एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई अजय कुमार साहू को जिला विशेष शाखा का प्रभारी बनाया है। इसी तरह एएसआई दीपक तिवारी को सिविल लाइन से पुलिस लाइन व पुलिस लाइन से महिला आरक्षक प्रिया शुक्ला का एसपी आफिस आवक-जावक शाखा में तबादला किया गया है।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 25 को

बिलासपुर। जिला पंचायत की बैठक 25 सितम्बर को होगी। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, कृषि विभाग, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी एवं समीक्षा की जाएगी।

मानद डॉक्टरेट से सम्मानित हुए रमन विवि के कुलाधिपति चौबे



बिलासपुर। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉ. सी वी रामन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष चौबे को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

22 सितंबर 1955 को खंडवा में जन्मे संतोष चौबे ने इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं की पृष्ठभूमि से अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। भारतीय इंजीनियरिंग सेवा और भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित होने के बाद भी उनका काम केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहा। वर्ष 1985 में उन्होंने ऑल इंडिया सोसायटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी की स्थापना की। उस समय कंप्यूटर तकनीक आम भारतीय समाज से काफी दूर थी। चौबे ने तकनीक को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम शुरू किया। उन्होंने देश के दूरदराज इलाकों में विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए कला और विज्ञान जत्थों का नेतृत्व किया। उनके उपन्यासों में 'राग केदार', 'क्या पता कामरेड मोहन', 'जल तरंग' और 'सपनों की दुनिया में ब्लैक होल' शामिल हैं। 'जल तरंग' के लिए उन्हें शैलेश मटियानी और अंतरराष्ट्रीय वैली ऑफ वर्ड्स पुरस्कार मिला।

उनकी साहित्यिक सक्रियता लेखन से आगे संपादन तक जाती है। 'कथा मध्य प्रदेश', 'कथा देश', 'कथा भोपाल' और 'विज्ञान कथा कोश' जैसी परियोजनाओं के जरिए उन्होंने हिंदी के बड़े रचनात्मक संसार को दस्तावेज के रूप में सामने रखा। वर्ष 2019 में भोपाल से शुरू हुआ यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच देने की कोशिश के रूप में आगे बढ़ा। संतोष चौबे को भारत और विदेशों में साहित्य, हिंदी और सांस्कृतिक योगदान के लिए कई सम्मान मिल चुके हैं। मंगलवार को जब वे अपना 71वां जन्मदिन मनाएंगे, तब उनके जीवन के सात दशकों से अधिक का यह सफर एक और उपलब्धि के साथ दर्ज होगा।

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल हुए एडवोकेट विनय व आशीष



बिलासपुर। 11 वें ब्रिक्स+लीगल फोरम सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि विनय दुबे एवं आशीष शुक्ला ने सहभागिता की। इसमें भारत, चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और नेपाल सहित 11 देशों के प्रतिनिधिमंडल एवं अंतर्राष्ट्रीय विधिक विद्वानों ने हिस्सा लिया। 'आर्थिक लचीलेपन, नवाचार और स्थिरता के लिए कानून के शासन के ढांचे और संस्थागत क्षमता निर्माण' के मुख्य विषय पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश, अटॉर्नी जनरल, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ तथा बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत कुमार सहित देश-विदेश की शीर्ष न्यायिक हस्तियां शामिल हुईं। इस सम्मेलन के दौरान राजनीतिक प्रतिबद्धताओं को ठोस कानूनी तंत्र में बदलने, क्रॉस-बॉर्डर वाणिज्यिक विवादों के निपटारे हेतु ब्रिक्स आर्बिट्रेशन नेटवर्क की स्थापना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डिजिटल गवर्नेंस के लिए एकीकृत विधिक मानक तैयार करने और जलवायु वित्तपोषण से जुड़ी कानूनी चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में लिए गए कई निर्णय




बिलासपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक 20 सितंबर को उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, पर्यावरण प्रमुख रेखा गुल्ला के निवास पर हुई। इसमें सभी कार्यकारिणी सदस्यों को सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 2027 के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया गया। सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर मेरा देश मेरा कर्तव्य अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने की मुहिम शुरू करने निर्णय लिया गया। जिसमें सभी सदस्यों की सहभागिता की अपेक्षा की गई। इसी तरह ग्राहक सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांत महिला प्रमुख सुनीता मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, उपाध्यक्ष चंचल कुशवाहा, सदस्य रीना झा, रेणुका मसीह आदि का सहयोग रहा।

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी में श्रद्धा से मना स्थापना दिवस



बिलासपुर। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी का 66वां स्थापना दिवस सोमवार को अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने बताया कि प्रातः 5 बजे आश्रम प्रांगण की साफ-सफाई एवं श्रमदान किया गया। सुबह 6 बजे अरपा नदी से कलशों में जल भरकर सामूहिक जयघोष एवं संकीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। 7 बजे कार एवं बाइक से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी आश्रम प्रांगण से कोनी, सीपत चौक, नया पुल, नेहरू चौक, राजेंद्र नगर, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा, गोलबाजार, सदर बाजार एवं देवकीनंदन चौक होते हुए पुराने पुल और सीपत चौक के रास्ते पुनः आश्रम प्रांगण पहुंची। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण, पावन सद्गुरुस्थ सफल योनि का पाठ, पूजा-अराधना एवं आरती की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पारिवारिक विचार गोष्ठी में समूह के उद्देश्य, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सरोकारों पर विचार-विमर्श किया गया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।





हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



दीक्षित चाल गणेश उत्सव समिति तिलकनगर



श्री रामचंद्र गणेश उत्सव समिति अशोकनगर।



कपिल नगर गणेश उत्सव समिति।



श्रद्धा गणेश उत्सव समिति बंधवापारा।



राधा कृष्ण गणेश उत्सव समिति लोधीपारा।



संकट मोचन गणेश उत्सव समिति नूतन चौक।



हरि नवयुवक गणेश उत्सव समिति राजीव गांधी चौक।




शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति इमलीभाठा।



गांधी चौक सिद्धि लाइब्रेरी में विराजे गणेश।



श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति नया मन्नाडोल तिफरा।



संस्कार गणेश उत्सव समिति कारगिल चौक।

गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में प्री-नर्सरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए 'लिटिल गणेशा उत्सव' का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इसमें गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता के विजेता अभिराम जायसवाल, अंगद खेत्रपाल एवं दित्या आचार्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ प्री-नर्सरी की शिक्षिकाओं ने भगवान गणेश की कथा के माध्यम से किया। बच्चों को बताया गया कि भगवान गणेश की पूजा प्रत्येक शुभ कार्य के शुभारंभ से पहले की जाती है। नन्हें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में अपने अभिभावकों के साथ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

बच्चों ने भगवान गणेश की स्तुति में श्लोकों एवं भजनों का वाचन कर सभी का मन मोह लिया। उनकी मासूम अदाओं, आत्मविश्वास और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भगवान गणेश के आदर्शों, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराना, माता-पिता के सर्वोच्च स्थान और उनके प्रति सम्मान की भावना जागृत करना रहा। प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ ने सभी अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

डीपीएस बिलासपुर में लिटिल गणेशा उत्सव का आयोजन





गणेश प्रतिमाएं रही आकर्षण की केंद्र

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अभिभावकों द्वारा तैयार की गई पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाएं रहीं। मिट्टी, प्राकृतिक रंगों एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से निर्मित इन प्रतिमाओं के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता में अभिभावकों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतिमा में अभिभावकों की मेहनत और सृजनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की प्रतिभा और अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

विघ्न विनाशक के गुणों की दी गई जानकारी

शिक्षकों ने बच्चों को भगवान गणेश के गुण बुद्धिमत्ता, विनम्रता, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के बारे में जानकारी दी एवं उन्हें त्योहारों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने और प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। नन्हें बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों, भक्ति गीतों और उत्साह से विद्यालय परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं आनंदमय हो गया। इस आयोजन ने बच्चों में रचनात्मकता, सहभागिता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कारों के प्रति प्रेम की भावना को मजबूत किया।

उत्तम संयम दिवस पर धार्मिक प्रतियोगिताएं

बिलासपुर। दिगम्बर जैन समाज के दसलक्षण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म के दिन धार्मिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। 8 कर्मों के बारे में नाट्य मंचन हुआ।

पूज्य 105 अकम्पमति माता एवं अचलमति माता के सानिध्य में प्रवचन हुआ। प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है। स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण करना इन्द्रिय-संयम है। सुप्रीत व श्रुति जैन ने बताया। 22 सितंबर को क्रांति नगर जैन भवन में द्वारिका दहन व कृष्ण मरण होगा।



जैन श्वेतांबर समाज ने किया बच्चों का सम्मान

श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ का संवत्सरी क्षमापना समारोह संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि हिमांशु जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी एसईसीएल थे। अध्यक्षता महेन्द्र जैन प्रदेश अध्यक्ष वन्दे मातरम मित्र मंडल ने की। समारोह की शुभारंभ कविता मुनोत, अतुल्या कोचर ने मंगलाचरण कर किया। विशिष्ट अतिथि विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, इंदरचंद बैद, दिनेश जैन थे। बच्चों को शैक्षणिक योग्यतानुसार उपहार दिया गया। तपस्या करने वालों की अनुमोदना कर शॉल, श्रीफल से एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया।

जीडी फाउंडेशन ने लोखंडी में मनाया हिंदी पखवाड़ा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ जीडी फाउंडेशन एवं छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़े के तहत कवि समागम का आयोजन डॉ रश्मि लता मिश्रा द्वारा परशुराम मंदिर आशीर्वाद भवन लोखंडी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूजा विधानी महापौर थीं । अध्यक्षता डॉक्टर सुधीर शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर विनय पाठक, डॉक्टर विजय तिवारी, डॉक्टर ज्योति सक्सेना, डॉक्टर राजेंद्र मौर्य, डॉक्टर सुनीता मिश्रा, आशा मिश्रा, शशि दुबे, विनय पांडे, डॉ सुनील दत्त मिश्रा रहे। डॉ सुरेश जयसवाल सरगुजिया की किताब ना ना ना कहानी संग्रह और निर्झरनी का विमोचन भी इस कार्यक्रम में किया गया। उपस्थित कविगणों में रायपुर से सीमा निगम, सीमा अवस्थी, शकुंतला तिवारी, यज्ञ सैनी साहू, विजय मिश्र, अंबिकापुर से पूनम दुबे, तरुणा अग्रवाल गीता दुबे, सुषमा पाठक, कामिनी पांडे, मनीषा भट्ट, शैलेंद्र गुप्ता,गजानंद पात्र ललिता यादव, अमृत पाठक, राकेश पांडेय, रेणु बाजपेई, मयंक दुबे, राजीव अग्रवाल, गोपाल तिवारी, मनोहर लाल मिश्र, अनूप पांडे, दिनेश, रमन किरण पांडे, कमलेश मिश्रा, राजेश पांडे आदि मौजूद थे।



प्रतिमा बनीं तीज क्वीन, नीलू, सीमा रही चेयर गेम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की बहनों ने तीज मिलन समारोह में संगीत, नृत्य और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। म्यूजिकल चेयर गेम में नीलू चौबे को प्रथम और सीमा राजेश शुक्ला को द्वितीय पुरस्कार मिला। प्रतिमा पांडेय को तीज क्वीन का खिताब मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ दीप्ति और कावेरी शर्मा ने तीज पर्व की शुभकामनाओं के साथ किया। इसके बाद पारंपरिक परिधान एवं श्रृंगार में आईं महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की बधाई दी। संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मनोरंजन किया। तीज क्वीन बनने पर श्रीमती पाण्डेय को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया।

समिति की प्रदेश अध्यक्ष महिला चित्रा तिवारी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज की महिलाओं को एक-दूसरे के साथ संवाद और आत्मीयता बढ़ाने मंच देता है। कार्यक्रम में उर्मिला शर्मा, विनय शर्मा, शशि शर्मा, सुलेखा तिवारी, अराधना मिश्रा, बरखा, रेखा शर्मा, सुधा पांडेय, रजनी शर्मा, कमलेश, निक्की उपस्थित रही।



अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने मनाया तीज मिलन

तीज नारी के स्वाभिमान की प्रतीक



संस्कृति संगम सेवा समिति ने इस वर्ष भी तीज मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। संस्था की अध्यक्ष सुनैना नायर ने कहा कि तीज सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह अखंड सौभाग्य, प्रेम, समर्पण और नारी के स्वाभिमान का प्रतीक है। पिंकी कश्यप और ज्योति सोनी को तीज क्वीन 2026 के खिताब से नवाजा गया। खेलों के विजेता शैलजा वर्मा, प्रियंका उपाध्याय, अभिनेत्री जायसवाल, वासंती, मौसमी रॉय, पूजा तिवारी, किरण भीमगे, बीना यादव, अर्चना, किरण तिवारी, इला नेताम, ज्योति सिंह, रमा सोनी, शालू मिश्रा एवं समयबद्धता का पुरस्कार पूजा तिवारी और ज्योति क्षत्री को दिया गया।

महिलाओं ने खेल का लिया आनंद



छग. महिला चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज बिलासपुर राज ने तीज मिलन समारोह का आयोजन मां लखनी देवी मंदिर परिसर रतनपुर में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद समाज की महिलाओं ने गीत, नृत्य, अंताक्षणी एवं अन्य विभिन्न खेलों के साथ मनोरंजन किया। समाज के नाम से आंवले के पौधे रोपित किए गए। सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री प्रदान की गई। सभी ने समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवकुमारी कश्यप, महासचिव सीतादेवी कश्यप, प्रीति कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

राज्य स्तरीय क्यूरुगी ताइक्वांडो में 34 स्वर्ण के साथ बिलासपुर विजेता, दुर्ग उपविजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

21वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्यूरुगी ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 2री छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुम्से ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 का विजेता बिलासपुर रहा। वहीं उपविजेता दुर्ग रहा। इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान रायगढ़ को और चौथा स्थान कोरबा को मिला।

बिलासपुर। शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान, बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्यूरुगी ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 2री छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुम्से ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 के तीसरे वा अंतिम दिन निर्णायक रहा। जिसमे 34 स्वर्ण के साथ बिलासपुर शीर्ष पीआर रहा। दुर्ग 14 स्वर्ण, रायगढ़ 9 स्वर्ण और कोरबा 5 स्वर्ण के साथ प्रतियोगिता में दूसरे, तीसरे और चौथे सदन में जगह बना सके।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग बालक बालिका खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि 56 सदस्य जूनियर एवं सब जूनियर बालक बालिका की टीम गठित हुई है जो 1 अक्टूबर को इंदौर प्रस्थान करेगी। इंदौर मध्य प्रदेश में 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर के बीच राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही है। विजेताओं को मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ललित माखीजा एवं प्रिंस भाटिया, रामदेव कुमावत ने पुरस्कार प्रदान किया।

यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष मनोज भिवगड़े, इटरनेशनल रेफरी क्यूरुगी/ पुम्से सुंदरमनी पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। मंच संचालन नागेंद्र सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में विशेष सहयोग सुशील मिश्रा, जय शंकर यादव, रितेश सिंह, सुभाष त्रिपाठी, संजीव मानिकपुरी, राजेश शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया है।











जन-ज़न से संवाद
हर कदम पर सबका साथ।

जनभावनाओं को अपने अनुभव से दिशा
देकर लोकहित में काम करने वाले

हमारे अमर भैया को सर्व समाज
की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।















- सूर्यवंशी समाज
- खटीक समाज
- सर्व धोबी समाज
- बैसवारा रजक समाज
- कन्नौजे रजक समाज
- स्वर्णकार समाज
- श्री चंद्रपुरीया कसौंधन वैश्य समाज
- राजपूत क्षत्रिय समाज महासभा
- श्री कान्यकुब्ज वैश्य महासभा गुप्ता समाज
- खंडेलवाल महिला मंडल
- अयोध्यावासी वैश्य स्वर्णकार समाज
- सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन
- नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति
- संयुक्त मसीही समाज
- सरयूपारीण ब्राह्मण समुदाय
- विश्वकर्मा कल्याण समिति
- हैहय क्षत्रिय कलचुरी (कलार) समाज
- सनाढ्य ब्राह्मण कल्याण विकास समिति
- चंद्रा विकास समिति
- सर्व यादव समाज
- जिला मराठा समाज
- बौद्ध समाज
- छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण
- अहिरवार समाज
- श्रीवास समाज
- कन्नौजिया राठौर समाज
- प्रजापति (कुंभकार) समाज
- मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति
- नामदेव समाज
- केवट समाज
- केशरवानी वैश्य समाज
- दाऊदी बोहरा जमात
- सनाढ्य कुर्मी क्षत्रिय समाज
- पंजाबी सभा
- पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत
- पाटलीपुत्र सांस्कृतिक विकास मंच
- बाबा गुरु घासीदास सतनामी सेवा समिति
- श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज
- श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज
- श्री गुजराती समाज
- आंध्रा समाज
- उड़िया एसोसिएशन
- श्री नेपाली सेवा समिति
- भोजपुरी समाज
- देवांगन महिला उत्थान समिति
- भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज
- बाल्मीकि समाज
- सुदर्शन समाज
- डुमर समाज
- वैश्य साहू समाज
- मांग समाज
- नगर साहू संघ
- कुशवाहा समाज
- पंजाबी हिंदू महिला संस्था
- हरदिहा पटेल (मरार) समाज
- केरला समाज
- तमिल समाज
- महेश्वरी समाज
- कतिया समाज
- गहोई वैश्य समाज
- कायस्थ समाज
- जैन सभा
- जैन श्वेतांबर श्री संघ
- विंध्याचल सांस्कृतिक मंच
- जिला भोई समाज
- छत्तीसगढ़ छत्री आदिवासी समाज
- मेमन जमात समाज
- मेहर समाज
- सूत साथी समाज
- गोंड भूमकाल
- कंवर समाज
- कछवाहा समाज
- धीवर समाज
- अघरिया समाज
- अखिल भारतीय अघरिया समाज
- मुस्लिम मनिहार समाज
- महाराष्ट्र मंडल
- रेलवे महाराष्ट्र मंडल
- विंध्य विलासा सांस्कृतिक समिति
- उत्कल समाज
- उरांव आदिवासी समाज
- हैहय वंशीय क्षत्रिय ताम्रकार समाज
- लोधी क्षत्रिय राजपूत समाज
- उरांव समाज
- प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज
- महाराष्ट्रीयन तेली समाज
- अग्रवाल सभा
- छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज
- सद्भावना सर्व वैश्य समाज
- देशहा रजक समाज
- मुस्लिम समाज
- राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज
- श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज
- श्री अयोध्यावासी वैश्य
- खंडेलवाल समाज
- कुर्मी क्षत्रिय सेवा समिति
- खैरवार विकास समिति
- अग्रहरी वैश्य समाज
- भूमिहार समाज
- मुस्लिम तेली जमात
- भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ








सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले, हर वर्ग के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने वाले

हमारे प्रिय अमर भैया जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।










युवाओं के
सपनों को
दिशा देने वाले
नई पीढ़ी
के हितैषी
युवाओं की उम्मीदों को सुनकर, उनकी प्रतिभा को
पहचानकर और उनके भविष्य को दिशा देने वाले
हमारे अमर भैया को
जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।
:: विनीत ::
भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा-बिलासपुर
(पूर्वी / रेलवे मण्डल)
Dharam Flex # 8103834534

मान. श्री अमर अग्रवाल जी

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री

को जन्मदिन की

हार्दिक बधाई एवं

शुभकामनाएं ...

प्रवीण दुबे

गुलशन ऋषी

मनीष अग्रवाल

गुरमीत अरोरा

रोहित मिश्रा

दुर्गेश पाण्डेय

दीपक सिंह ठाकुर
जिलाध्यक्ष- बिलासपुर शहर भाजपा

भारतीय जनता पार्टी, जिला बिलासपुर शहर

पूर्व केबिनेट मंत्री, बिलासपुर के दुलरवा विधायक

जिला जीपीएम के समाजसेवी एवं उद्योगपति

भैया अमर अग्रवाल जी एवं भाई गोपाल अग्रवाल जी

को जन्मदिन की गाड़ा-गाड़ा बधाई...

विनीत : संदीप जायसवाल (मंजू) एवं समस्त मित्रगण


आस्था भी
संस्कार भी
धर्म के प्रति
समर्पण भी
धार्मिक मूल्यों को सम्मान देने, परंपराओं को
साथ लेकर चलने और समाज के हर
आध्यात्मिक आयोजन से जुड़े रहने वाले
22 सितम्बर
हमारे अमर भैया को
जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।
विनित : भारतीय जनता पार्टी, किसान, पिछड़ा वर्ग, अनुसुचित जन जाति, अनुसुचित जाति मोर्चा, विधानसभा बिलासपुर

खबर संक्षेप

श्रीराम सदन में कल पद्मश्री हिरेश की भजन संध्या



तखतपुर। गणेश चतुर्थी पर नगर के श्री राम सदन में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लोक गायक पद्मश्री हिरेश सिन्हा अपनी मधुर वाणी से गणेशजी के भजनों एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति देंगे।

उद्बोधन प्रतियोगिता में प्रियांशी को मिला प्रथम स्थान



मस्तूरी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित उद्बोधन कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम वेद परसदा स्थित डीएवी स्कूल की छात्रा प्रियांशी सिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति अपने दायित्वों से जुड़े विषयों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रियांशी सिंह ठाकुर ने प्रभावशाली एवं आत्मविश्वासपूर्ण उद्बोधन के माध्यम से निर्णायकों और उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

एसडीओपी अरोरा ने थाना फास्टरपुर का किया निरीक्षण

सेतगंगा/मुंगेली। पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा का एसडीओपी आशीष अरोरा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में संचालित विभिन्न गतिविधियों, लंबित शिकायतों तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों की जानकारी ली और पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसडीओपी ने निरीक्षण के दौरान बोडल शिकायत, शस्त्र लाइसेंस, समंस/वारंट रजिस्टर, अपराध एवं जरायम रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, गुंडा–बदमाश निगरानी रजिस्टर सहित थाना के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।

निधन

ओम प्रकाश अग्रवाल



बिलासपुर। रामवाटिका मंदिर के पास क्रांति नगर निवासी ओम प्रकाश अग्रवाल पिता स्व. गिरधारीलाल अग्रवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितम्बर को सुबह 11 बजे उनके निवास क्रांति नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे किंशुक, कान्हा अग्रवाल के पिता थे।

डॉ उमाशंकर गुप्ता



बिलासपुर। सत्यउमा भवन तेलीपारा गाली नंबर दो बिलासपुर निवासी डा. उमाशंकर गुप्ता का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितंबर को सुबह 9 बजे उनके निवास तेलीपारा से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राहुल गुप्ता के पिता थे।

जगन्नाथ प्रसाद देवांगन



बिलासपुर। चिंगराजपारा निवासी जगन्नाथ प्रसाद देवांगन का 21 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार चिंगराजपारा मुक्तिधाम में 22 सितंबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

नंद कुंवर सिंह



मस्तूरी। ग्राम पंचायत किरारी के पूर्व सरपंच गोपाल सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती नंद कुंवर सिंह का 75 वर्ष की आयु में 21 सितंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम किरारी में मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा। वे राजेश सिंह (रज्जु) ठाकुर एवं अजय सिंह ठाकुर की मां थीं।

भूरी बाई साहू



मस्तूरी। समीपस्थ ग्राम हिर्री के प्रतिष्ठित नागरिक छतराम साहू की धर्मपत्नी श्रीमती भूरी बाई साहू 66 वर्ष का 20 सितंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमलता साहू के पिता थे।

गोविंद सिंह ठाकुर



लोरमी। गंगानगर बिलासपुर निवासी गोविन्द सिंह ठाकुर चमारी वाले का सोमवार को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गौतम सिंह एवं अमित सिंह के पिता थे।

मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाने की तैयारी

मुंगेली। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और आगामी सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों के आयोजन, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बताया गया कि जिले के तीनों विकासखंडों में ब्लॉक/तहसील स्तर पर सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुंगेली में 01 अक्टूबर, पथरिया में 05 अक्टूबर तथा लोरमी में 07 अक्टूबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे।



समीक्षा बैठक में शामिल अफसर।

सेवा सेतु अभियान के तहत केंद्र एवं राज्य शासन की चिन्हित 26 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं को शिविरों में शामिल किया जाएगा। इनमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, कृषि एवं सहायक उपकरणध्उपकरण प्रदाय, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना, छात्रवृत्ति एवं शिक्षा संबंधी योजनाएं, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वामित्व योजना, जाति निवास एवं आय प्रमाण पत्र, बी–1 नकल खसरा वितरण, ऋण पुस्तिका वितरण तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ–साथ आवेदन प्राप्त करने, पात्रता के अनुसार स्वीकृति प्रदान करने तथा राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों से पहले सभी विभाग आवश्यक तैयारियां पूरी करें और अपने–अपने विभाग से संबंधित हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें शिविरों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर श्री तोपनो ने जिले में सेवा सेतु अभियान की तैयारियों की जानकारी दी तथा विभागवार की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया।

डॉक्टर तिवारी, सीमा एवं सुषमा को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान



सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर द्वारा पूरे भारतवर्ष से पन्द्रह सौ शिक्षको के मध्य कुल दो सौ शिक्षको का चयन कर नवाचारी व उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक के रुप में स्वर्गीय हरबंश मिश्रा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें लोरमी से तीन शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए।


उक्त समारोह में इन दो सौ सम्मानित शिक्षको में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदीबान्ध में पदस्थ प्रधानपाठक डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी, डोंगरिया स्कूल के व्याख्याता सीमा तिवारी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रंहगी की शिक्षिका सुषमा पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। सत्यनारायण तिवारी ने पूरे भारतवर्ष मे प्रथम स्थान प्राप्त कर लोरमी जिला मुंगेली व छत्तीसगढ राज्य को गौरवान्वित किया है। रायगढ़ नगर निगम आडिटोरियम रायगढ के सभागार में मुख्य अतिथि इंडिपेंडेंट डायरेक्टर (बी बी जे)भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद संजय अग्रवाल एवं शिक्षाविद गुणनिधि सतपथी के द्वारा स्वर्गीय हरबंश मिश्रा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2026 प्रदान किया गया।

बहतरा में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

बहतरा। मस्तूरी के बाद अब ग्राम पंचायत बहतरा में भी सियासी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत बहतरा के सरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार, 21 सितंबर को मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई। मतदान में कुल 16 मत पड़े, जिसमें 14 मत सरपंच के खिलाफ और 2 मत पक्ष में पड़े। पचपेड़ी तहसीलदार नीलम पिस्दा ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुल 16 मतों में से 14 मत सरपंच के खिलाफ तथा 2 मत पक्ष में प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार मतदान का परिणाम 14-2 रहा। तहसीलदार ने बताया कि मतदान के बाद इस संबंध में एसडीएम मस्तूरी शिव कुमार कंवर से चर्चा की जा रही है। चर्चा के बाद ही परिणाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। बताया गया कि कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत बहतरा के उपसरपंच एवं पंचों द्वारा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इसके लिए 21 सितंबर को मतदान की तारीख निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि पर तहसीलदार एवं जनपद अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।


- 16 में से 14 पंचों ने सरपंच के खिलाफ किया मतदान, आधिकारिक घोषणा एसडीएम कार्यालय से होना बाकी

योग आयोग अध्यक्ष ने किया जिला अस्पताल के थेरेपी सेंटर का निरीक्षण



मुंगेली। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने मुंगेली प्रवास के दौरान विश्राम गृह में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में आयुष एवं योग गतिविधियों की जानकारी ली। अग्रवाल ने जिला अस्पताल स्थित थेरेपी सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुंगेली में योग केंद्र की स्थापना की योजना बनाई जा रही है, जिसके माध्यम से आमजन को योग के साथ विभिन्न प्रकार की थेरेपी का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योग को जन–जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

नयनतारा कॉलेज के एनएसएस दल ने नुक्कड़ नाटक कर दिया सामाजिक संदेश



सीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत नयनतारा शर्मा कॉलेज, पंधी के राष्ट्रीय सेवा योजना दल ने सीपत के नवाडीह चौक में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को सामाजिक सरोकार और जनकल्याण से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम प्रभारी बलराम जोशी द्वारा रचित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेशों को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। चौक पर नाटक देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने संवाद और अभिनय के माध्यम से लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की।

वैज्ञानिक जातिगत जनगणना की मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

लोरमी। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विनोद साहू एवं जिलाध्यक्ष अभिलाष जायसवाल के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी लोरमी को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि आगामी जनगणना में जातियों की गिनती केवल नाम पूछकर न की जाए, बल्कि उसे वैज्ञानिक, प्रामाणिक और त्रुटिरहित बनाया जाए।



ज्ञापन में रखी गई मुख्य मागों में जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए स्पष्ट और अलग श्रेणी का प्रावधान किया जाए। प्रत्येक जाति/समुदाय को यूनीक साइंटफिक कास्ट कोड दिया जाए ताकि एक ही जाति के अलग-अलग नाम, पर्यायवाची और क्षेत्रीय नामों के कारण आंकड़े बंटे नहीं। राज्यवार कास्ट मास्टर लिस्ट तैयार की जाए। डिजिटल जनगणना में सर्चेवल ड्राप डाउन मेनू की व्यवस्था होना शामिल है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभिलाष जायसवाल ने कहा कि जाति पूछना ही पर्याप्त नहीं - जाति को सही गिनना जरूरी है। सही गिनती सही आंकड़े ,सही हिस्सेदारी ,सामाजिक न्याय। गलत आंकड़ों के आधार पर सही नीति नहीं बन सकती। ज्ञापन सौंपने वालों में सभापति विद्यानंद चंद्राकर पार्षद कैलाश श्रीवास, मंडल अध्यक्ष हेमंत मानिकपुरी, हेमिन मंगेशकर, जिला सचिव बिंदु यादव, छेदी लाल जायसवाल, आत्मा राम साहू, हके खान, जगता राम साहू, हके खान, कामता सोनवानी, मनोज कुमार, पुना राम साहू, भीम प्रकाश साहू, हितेश कुमार साहू, ईश्वर सिंह लोनिया, रवि विश्वकर्मा, कमल यादव, संतोष जायसवाल, जगवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए राहुल का चयन

मुंगेली। पीएम श्री योजना के तहत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के वाणिज्य व्याख्याता राहुल वर्मा का पांच दिवसीय राष्ट्रीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए चयन हुआ है। कार्यशाला राष्ट्रीय शौक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की क्षेत्रीय इकाई क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ शिक्षण में डिजिटल तकनीक के उपयोग और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। देशभर से चयनित शिक्षकों को विषयों को अधिक व्यावहारिक और विघार्थियों के अनुकूल तरीके से पढ़ाने की तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)
शपथ पत्र
नाम परिवर्तन कराने वाला

मैं, तान्या बेरिया आयु 20 वर्ष पिता श्री शिव प्रसाद बेरिया, निवासी वार्ड नं. 37, शंकर नगर, वैशाली टॉवर के पीछे, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि:-
(1) यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों पर मेरे नाम का स्पेलिंग TANYA BERIYA (तान्या बेरिया) पिता शिव प्रसाद बेरिया अंकित है, जो कि सत्य व सही है।
(2) यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नंबर 9021 3483 0613 पर मेरे नाम का स्पेलिंग त्रुटिवश तानिया बेनिया (TANIYA BERIYA) पिता शिव प्रसाद बेरिया (SHIV PRASAD BERIYA) अंकित हो गई है, जो त्रुटिपूर्ण होने से सही नाम तान्या बेरिया (TANYA BERIYA) पिता श्री शिव प्रसाद बेरिया (SHIV PRASAD BERIYA) नाम से समाचार राजपत्र प्रकाशन कराने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित की हूं।
शपथकर्ती- तान्या बेरिया
सत्यापन
मैं तान्या बेरिया उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 02 तक में दी गई सभी बातें सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 21.09.2026 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।
शपथकर्ती- तान्या बेरिया

न्यायालय:- श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ0ग0)
अभयराज कबिलास................आवेदक
बनाम
आम जनता...............अनावेदकगण
सिविल एम.जे.सी प्र. कं. 90/2026
पेशी तारीख 24/10/2026
प्रोसेस क्रमांक 1569/26
प्रति,
आम जनता।
समंस/नोटिस
इस न्यायालय में आवेदक अभयराज कबिलास के द्वारा आम जनता के विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7 (1) सहपठित धारा 29 गार्जियन एवं वार्डस एक्ट के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 24.10.2026 को नियत है।
अतः आप आम जनता स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जायेंगी।
यह आज दिनांक 09.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
(श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी)
प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली
जिला मुंगेली (छ0ग0)

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क्र. ब-121/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिक अभिषेक राणा पिता टीसू राणा निवासी चंदेला विहार प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि मौजा घुरू प.ह.न. 61 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 444/13 रकबा 0.2060 हेक्टेयर भूमि आवेदक अभिषेक राणा पिता टीसू राणा पता चंदेला विहार प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर के नाम खरीदी हक से नामांतरण पश्चात वर्तमान ऑनलाइन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। यह कि आवेदक उक्त खसरा नंबर 444/13 में से रकबा 25x80=2000 वर्गफुट को कॉलोनी के निस्तारी रास्ता उपयोग हेतु बी-1, पी-2 के कैफियत कॉलम में प्रविष्टि चाह रहे हैं। अतः उक्त खसरा नंबर 444/13 में से रकबा 25x80=2000 वर्गफुट को निस्तारी रास्ता उपयोग हेतु बी-1, पी-2 के कैफियत कॉलम प्रविष्टि हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 25/9/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 03/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार
सकरी

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क्र. ब-121/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हर्षा राणा पति टीसू राणा निवासी चंदेला विहार प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि मौजा घुरू प.ह.न. 61 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 445/2 रकबा 0.2270 हेक्टेयर भूमि आवेदिका हर्षा राणा पता चंदेला विहार प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर के नाम खरीदी हक से नामांतरण पश्चात वर्तमान ऑनलाइन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। यह कि आवेदिका उक्त खसरा नंबर 445/2 में से रकबा 25x62=1500 वर्गफुट को कॉलोनी के निस्तारी रास्ता उपयोग हेतु बी-1, पी-2 के कैफियत कॉलम प्रविष्टि चाह रही है। अतः उक्त खसरा नंबर 445/2 में से रकबा 25 x62=1500 वर्गफुट को निस्तारी रास्ता उपयोग हेतु बी-1, पी-2 के कैफियत कॉलम प्रविष्टि हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 25/9/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 3/9/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार
सकरी

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 849/RTO/26 दिनांक 09/09/2026
श्री संजू (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है के चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस लिमिटेड (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 बी.टी. 4687 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख.....
Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
नोटिस
प्रकरण क्र. 431/2026
आदेश दिनांक 08/09/2026
पेशी दिनांक 23/10/2026
प्रोसेस क्र. 648/26
श्रीमती मधु सूर्यवंशी उम्र 28 वर्ष पिता कृष्णा कुमार कुर्रे पति उमेश कुमार सूर्यवंशी निवासी बनियाडीह, पौंसरा, जिला बिलासपुर छ.ग. हाल मुकाम- ग्राम खमतराई, आवास पारा, पानी टंकी के बाजु, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
......वादिनी/ आवेदिका
विरूद्ध
श्री उमेश कुमार सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष पिता गुहाराम सूर्यवंशी निवासी ग्राम बनियाडीह, पौंसरा, जिला बिलासपुर छ.ग. मो.नं. 7828485129
.....प्रतिवादी/ अनावेदक
इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती मधु सूर्यवंशी ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 13(1) हिन्दू विवाह अधिनियम बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 23/10/2026 को है।
अनावेदक श्री उमेश कुमार सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष पिता श्री गुहाराम सूर्यवंशी निवासी ग्राम बनियाडीह, पौंसरा, जिला बिलासपुर छ.ग. को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 23/10/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 23/10/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अतः आज दिनांक 15-09-26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 15-09-26
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
(आलोक कुमार)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना
मैं, चुन्नी लाल उम्र 59 वर्ष पिता रामाश्रित निवासी पंडरीपार घुटकू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग हूँ तथा मेरा आधार नम्बर 5139-9477-3113 है। मेरे परिवार में मेरी पत्नी सविता बाई, पुत्र विवेक केनार, अभिनेस केनार व अभिषेक केनार तथा पुत्री अंजलि केनार है। मैं, मेरे पुत्र अभिषेक केनार उम्र 26 वर्ष निवासी पंडरीपार घुटकू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग को त्यज्य पुत्र घोषित करता हूँ तथा मेरे समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र अभिषेक केनार से मेरा या मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा तथा अभिषेक केनार मेरे पारिवारिक उत्सव, कार्यक्रम अथवा सुख-दु:ख के समय किसी भी आयोजन में सम्मिलित नहीं होगा तथा अभिषेक केनार के द्वारा मुझे या मेरे परिवार के किसी सदस्य को साक्षी या जमानतदार दिखा बताकर किसी व्यक्ति अथवा संस्था या बैंक से कोई ऋण प्राप्त करता है तो अभिषेक केनार का उक्त ऋण को चुकता करने का दायित्वाधिन होगा, मेरा या मेरे परिवार के अन्य सदस्य का कोई दायित्व नहीं होगा। अभिषेक केनार मेरे चल अचल संपत्ति में से स्वयं को मेरा पुत्र होना बताकर किसी प्रकार का बँटवारा या भाग प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।
अतः उक्त आशय का यह सूचना पत्र मैं प्रकाशित करता हूँ ताकि आम जनता सूचित होवें।
दिनांक 19/09/2026
स्थान-बिलासपुर
चुन्नी लाल केनार
मो.नं.-7000543296

न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202608251000001/अ-27/2025-26 ग्राम-खम्हारडीह, प.ह.नं. 10
दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से सूचना
प्रति,
1. प्रशांत शर्मा पिता अशोक शर्मा जाति ब्राम्हण, निवासी खम्हारडीह, तहसील सरगांव जिला-मुंगेली (छ.ग.)
2. अथर्व पाण्डेय पिता राजेश पाण्डेय जाति ब्राम्हण, निवासी बाप जी पार्क, गौरव पथ, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
3. दीपांजली पिता अशोक जाति ब्राम्हण, निवासी पंडरिया पोस्ट व तहसील पंडरिया, जिला बिलासपुर (छ.ग.)....... अनावेदकगण
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण कल्पना शर्मा वगै. पति प्रवीण शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी खम्हारडीह तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम खम्हारडीह प.ह.न. 10 स्थित कृषि भूमि ख.न. 184/2, 217/1, 218/1, 232/1, 233/1, 235/1, 407/3, 409/1, 8/2, 180/1, 182/1 कुल खसरा 11 कुल रकबा 0.7440 हे. आवेदिकागण की पैतृक कृषि भूमि है जिसे आवेदिकागण के द्वारा आपसी बंटवारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिकागण की पैतृक कृषि भूमि है जिसे आवेदिकागण के द्वारा आपसी बंटवारा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 23/09/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 16/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।
तहसीलदार सरगांव,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

सार्वजनिक इश्तहार / आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम श्री. हिमेश प्रताप सिंह एवं श्रीमती. ज्योति सिंह, निवासी लिंगियाडीह, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़), अपने पुत्र श्री. हिमांशु प्रताप सिंह, उम्र लगभग 27 वर्ष, द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उनके आचरण से अत्यंत परेशान एवं असंतुष्ट हैं।
अतः हम दिनांक 17/09/2026 से अपने पुत्र हिमांशु प्रताप सिंह को अपने समस्त पारिवारिक दायित्वों से पृथक करते हुए अपने घर, परिवार एवं अपनी स्व-अर्जित/ स्वामित्व वाली चल-अचल संपत्तियों से बेदखल / पृथक करते हैं। भविष्य में हिमांशु प्रताप सिंह के किसी भी व्यक्तिगत कार्य, लेन-देन, व्यवसायिक गतिविधि, आर्थिक व्यवहार, ऋण, उधारी अथवा किसी अन्य दायित्व से हमारा कोई संबंध नहीं रहेगा।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिमांशु प्रताप सिंह के साथ कोई भी व्यक्ति यदि किसी प्रकार का आर्थिक, वित्तीय, व्यवसायिक अथवा अन्य लेन-देन/व्यवहार करता है, तो वह अपने स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर करेगा। ऐसे किसी भी लेन-देन, ऋण, उधारी, अनुबंध अथवा दायित्व के लिए श्री. हिमेश प्रताप सिंह एवं श्रीमती. ज्योति सिंह किसी भी रूप में जिम्मेदार अथवा उत्तरदायी नहीं होंगे।
हिमांशु प्रताप सिंह द्वारा भविष्य में स्वयं अथवा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से किए गए किसी भी आर्थिक, व्यवसायिक अथवा अन्य दायित्व के लिए हिमांशु प्रताप सिंह स्वयं पूर्णतः जिम्मेदार एवं उत्तरदायी होंगे।
यह सार्वजनिक घोषणा सर्वसाधारण को जानकारी देने एवं भविष्य में किसी प्रकार की गलतफहमी अथवा भ्रम की स्थिति से बचने के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है।
दिनांक:- 21/09/2026
स्थान: - बिलासपुर, छत्तीसगढ़
घोषणाकर्ता
1. श्री हिमेश प्रताप सिंह
पिता : स्व. शुकुल प्रताप सिंह
निवासी :- लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.)
हस्ताक्षर :- हिमेश प्रताप सिंह
2. श्रीमती ज्योति सिंह
पति :- श्री हिमेश प्रताप सिंह
निवासी :- लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.)
ज्योति सिंह


न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क/अति.तह./वा./20...
बिलासपुर, दिनांक 21/09/26
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम परसदा प.ह.न. 49 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बादशाह प्रसाद सिंह पिता /पति स्व. जगदीश नारायण निवासी ग्राम दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा प.ह.न. 49 मौजा परसदा स्थित भूमि ख.अनं. 69 मे से रकबा 1625 वर्ग एकड़/हे0 भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/ दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07/10/26 समय 11:00 बजेउपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 21/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:-जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं.-00043 दोमुहानी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT2025264 00109500081
ईश्तहार
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00043 के अंतर्गत ग्राम दोमुहानी के वर्तमान भूमिस्वामी अनुसुईया बाई पति पिता/पति-रामनारायण अग्रवाल पता-सा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 45/2(0.3760) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामनारायण अग्रवाल पिता रामशरण लाल अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल पिता रामनारायण अग्रवाल प्रानेश अग्रवाल पिता सुंदर लाल अग्रवाल सुश्री रानी अग्रवाल पिता/पति-प्रानेश अग्रवाल पता-दोमुहानी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 2 बिलासपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुखत्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 18/09/2026 को जारी किया जाता है।
अतिरिक्त तहसीलदार : प्रकृति ध्रुव
बिलासपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /क्यू./अ.त./026 / वा.म/तह./026
मस्तूरी दिनांक 27/08/2026
उपस्थिति नोटिस
इस न्यायालय रा.प्र.क्र.202506071300025 ब-121/2024-25
मैं पक्षकार राकेश चौकसे विरूद्ध उमाशंकर मैत्री वगै.ग्राम रलिया में वाद भूमि खसरा नं. 112/151, 112/157, 112/158, 112/168, 112/167 कुल रकबा 20.06 ए.भूमि पर आवेदक पक्षकार अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है तद संबंध में प्रकरण की निवारण हेतु अनावेदकगण उमाशंकर मैत्री, सेतूराम मैत्री, जानकी बाई, और चंपाबाई सभी निवासी ग्राम रलिया हा.मु. चोरभट्ठी गुड़ी पारा मुलमुला जिला जांजगीर चांपा एवं अनिल कुमार केडिया हरीश चंद केडिया जयरामनगर तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं चुन्नुलाल पटेल ग्राम हरदाडीह तहसील मस्तूरी एवं ठाकुर प्रसाद मैत्री निवासी रलिया सभी को उपस्थिति हेतु हेतु दिनांक 25/09/2026 को नियत है जिसमें आपके उपस्थिति अनिवार्य।
अतएव आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 25/09/2026 को अपनी उपस्थिति न्यायालय में सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसकी जिसकी सम्पूर्ण ज्वाबदारी आपकी होगी।
अस्तु आज दिनांक 27/08/2026 को न्यायालय के सील मुहर से उपस्थिति नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशन पत्र कर जारी किया जाता है।
अति.तहसीलदार मस्तूरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध


आशुतोष साव
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा
संदीप केडिया
दिनेश चौधरी
रोहित मिश्रा
शरद यादव
शैलेन्द्र यादव
रोशन सिंह
Happy Birthday
Amar Bhaiya Ji
पंकज तिवारी
अध्यक्ष, जिला ओ लम्पिक संघ
शेखर पाल
शानुल खान
महर्षि बाजपेयी
रंगा नादम
अध्यक्ष, जोन क्रमांक- 5 (पार्षद)
रन्नू गुप्ता
आशीष तिवारी
विश्वजीत ताम्रकार (टिक्कू)
राजा वर्मा
अमन सिंह

खबर संक्षेप

भाजपा से तोसिफ को सभी पदों से हटाया

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी ने बिलासपुर निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री तोसिफ खान को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मारकण्डेय के हस्ताक्षर से स्पष्टीकरण नोटिस भी जारी करते हुए कहा गया है कि कई आपराधिक मामले न्यायालय में विचाराधीन है। यह कृत्य गंभीर अनुशासनहीनता के श्रेणी में आता है इससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है। इसलिए पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने उपरोक्त अनुशासनहीनता के आरोप में तोसिफ खान को पाटी के सभी दायित्व से मुक्त कर दिया है। आदेश प्राप्त होने के सात दिवस के अंदर यह स्पष्ट करने कहा गया है कि क्यों न आपको पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से निष्कासित कर दिया।

बाइक में स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल



बिलासपुर। सोशल मीडिया में खतरनाक तरीके से चलती बाइक में खड़े होकर स्टंट करते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस युवक की पहचान करने में लगी हुई है। सोमवार को सोशल मीडिया में एक युवक की शहर के प्रमुख मार्ग में खतरनाक तरीके से खड़े होकर स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है युवक राजेन्द्र चौक से डीआईजी तिराहा, अम्बेडकर चौक होते हुए केंद्रीय जेल की ओर जाते दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अमला हरकत में आई और युवक की पहचान कार्रवाई में लग गई है।

ग्रामीण की नगद जेवर सहित बेग चोरी

बिलासपुर। सिम्स में पत्नी का इलाज कराने आए ग्रामीण का बैग चोरों ने पार कर दिया। बैग में 35 हजार रुपए नकद, मोती की माला, सोने का लाकेट, मोबाइल चार्जर सहित अन्य सामान रखा हुआ था। कोतवाली पुलिस के अनुसार, चकरभाठा अचानकपुर निवासी प्रभात दास ने 11 सितंबर को पत्नी की तबियत खराब होने पर इलाज के लिए उसे सिम्स में भर्ती किया था। रात में वे आईसीयू रूम के पास हाल में बैग रखकर सो गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनका बैग लेकर भाग गए। पुलिस ने प्रभात दास की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिनों बाद लोगों को मिली राहत — पहले किल्लत के चलते शहर में 30 दिन व ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों में थी बुकिंग व्यवस्था

रसोई गैस रिफलिंग बुकिंग 30 व 45 दिनों की बाध्यता समाप्त, अब 25 दिनों में लग रहा नंबर

बिलासपुर। अब गृहणियां इत्मिनान से त्यौहार मना सकेंगी। रसोई गैस के रिफलिंग के लिए शहरी क्षेत्र में 30 दिन व ग्रामीण में 45 दिनों की जो बाध्यता थी, वह अब समाप्त हो गई है। अब शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में समान रूप से 25-25 दिनों में रसोई गैस रिफलिंग के लिए नंबर लगेगा, यह व्यवस्था लागू भी कर दी गई है।

त्यौहार का सीजन शुरु हो गया है ऐसे में घरोंघर एलपीजी गैस की खपत बढ़ गई है, इसलिए रसोई गैस की रिफलिंग में शहरी क्षेत्र में 30 दिनों और ग्रामीण में 45 दिनों की जो बाध्यता और रसोई गैस की किल्लत पिछले कई महिनों से चली आ रही थी वह अब दूर हो गई है। इस निर्णय से आम लोग उपभोक्ता और सबसे ज्यादा गृहणियों ने राहत की सांस ली है। अमेरिका, इजराइल और इरान के बीच युद्ध के चलते कोई रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई चेन प्रभावित हुई थी। इसलिए पहले की तरह रसोई गैस का सिलेंडर आसानी से नहीं मिल पा रहा था। रसोई गैस के लिए एजेंसियों के सामने लोगों की लाइन लगी रहती थी, लोग अतिरिक्त स्टॉक रखने घर में रखे सभी सिलेंडरों की रिफलिंग कराने में लगे थे। वहीं रसोई गैस की किल्लत से निपटने के लिए गैस रिफलिंग की अवधि निर्धारित कर दी गई। शहरी क्षेत्रों में 30 दिनों में गैस सिलेंडर के लिए रिफलिंग नंबर लग रहा था, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों में गैस सिलेंडर के लिए नंबर लग रहा था। यही व्यवस्था कई महिनों से चली आ रही थी, जिससे रसोई गैस को लेकर घरोंघर समस्या बनी हुई थी। दूसरी तरफ कंपनियों को रसोई गैस की सप्लाई सामान्य हो चुकी है। उसके बाद भी शहर में 30 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल में नंबर लगने के बाद गैस सिलेंडर मिल रहा था। इसमें सबसे बड़ी परेशानी गृहणियों, महिलाओं को हो रही थी, क्योंकि त्यौहार का सीजन आ गया है और त्यौहार में विभिन्न तरह के व्यंजन, खाद्य सामग्री बनानी पड़ता है ऐसे में घरोंघर रसोई गैस की खपत बढ़ गई है और महिलाओं को कहीं गैस खत्म न हो जाए यह डर-डर कर रसोई गैस का इस्तेमाल करना पड़ रहा था। इसके मद्देनजर एलपीजी कंपनियों की ओर से सेंट्रल मिनिस्ट्री से पत्राचार किया गया था। इसके बाद ही व्यवस्था परिवर्तन करते हुए अब शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में 25-25 दिनों में रसाई गैस रिफलिंग की व्यवस्था लागू की गई है।

नए एलपीजी कनेक्शन पर नहीं हटी रोक



नए एलपीजी कनेक्शनों पर रोक अभी भी नहीं हटाई गई है। नए एलपीजी कनेक्शन पर कुछ माह पहले रोक लगाई गई थी, वह रोक स्थिति सामान्य होने के बाद भी नहीं हटाई गई है, जिससे नए कनेक्शन भी नहीं मिल रहे हैं। इसके अलावा शादी में भी नव दंपती को रसोई गैस चूल्हा, सिलेंडर दिया जाता है, ताकि वे अपना नया परिवार शुरू कर सकें, लेकिन शादी वालों को भी नया एलपीजी कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। ट्रांसफर आदि कारणों से दूसरे जगह शिफ्टिंग करने वाले भी नया कनेक्शन नहीं ले पा रहे हैं। बिलासपुर की कई गैस एजेंसियों में नए एलपीजी कनेक्शन के आवेदन नहीं मिल रहे हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। शादी, किराए के मकान में शिफ्टिंग और नए परिवार बनने जैसी परिस्थितियों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

कनेक्शन ट्रांसफर का विकल्प

ऐसे में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पुराने गैस कनेक्शन को परिवार के दूसरे सदस्य के नाम ट्रांसफर कराने का विकल्प अपना रहे हैं। इंडेन, भारत गैस व एचपी गैस कंपनियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को आसान बनाया है। लेकिन एजेंसी स्तर पर दस्तावेजों की जांच और मंजूरी में समय लग रहा है। नए कनेक्शन बंद होने जैसी स्थिति बनने से घरेलू व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

शिफ्टिंग, शादी वालों की दिक्कत खत्म नहीं

नौकरी एवं पढ़ाई के कारण दूसरे शहरों में शिफ्ट होने वाले परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। किराए के मकान में रहने वाले लोगों को नया कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह शादी के बाद नए घर में रहने जा रहे दंपतियों के लिए भी स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। पहले आसानी से नया कनेक्शन मिल जाता था, किन्तु अब एजेंसियां ट्रांसफर प्रक्रिया को प्राथमिकता दे रही हैं। कई परिवार पुराने घरेलू कनेक्शन को बहू या बेटी के नाम ट्रांसफर कराने के लिए आवेदन कर रहे हैं।

सभी जगह 25 दिन में लग रहा नंबर

रसोई गैस रिफलिंग के लिए पहले शहर में 30 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल में नंबर लगाने की जो बाध्यता थी उसे समाप्त कर दिया गया। अब शहरी व ग्रामीण दोनों इलाकों में एक समान 25-25 दिनों में गैस रिफलिंग के लिए नंबर लग रहा है।

-हेमप्रकाश साहू, नोडल अधिकारी, इण्डेन कंपनी

कर्मचारी नही संभाल पा रहे व्यवस्था, समस्या बढ़ी

सिम्स अस्पताल में कम पड़ रही जगह मरीजों का आंकड़ा 26 सौ के पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, हालत यह है कि सोमवार को एमआरडी रिकार्ड के अनुसार 2 हजार 587 मरीजों से ओपीडी पंजीयन कराया है। यह आंकड़ा चौंकाने वाला है। यही कारण है कि कई बार मरीजों को समय पर जांच और रिपोर्ट के लिए भटकना पड़ रहा है, हालांकि मरीजों के बढ़ने का एक कारण पिछले सालों की अपेक्षा सिम्स में सुविधाओं का बढ़ना है।

वीकेंड के बाद सिम्स अस्पताल में मरीजों का तांता लगा रहता है। मेडिसीन, स्कीन, आर्थोपेडिक, ईएनटी, मानसिक और नेत्र विभाग जैसे विभागों में मरीजों की भारी भरकम भीड़ रहती है, हालत यह है कि सुबह 9 बजे से शुरू हुई मरीजों की लाइन 2 बजे भी कम नहीं हो रही है। इस दौरान 2600 मरीजों के इलाज के लिए सिम्स अस्पताल अब छोटा पड़ रहा है, भले ही अस्पताल प्रबंधन अपनी सुविधाओं को जुटाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद सिम्स में वार्ड और ओपीडी में जगह की कमी साफ तौर पर दिखाई देती है। दरअसल सिम्स अस्पताल की स्थापना 300 ओपीडी और 60 आईपीडी से शुरू होकर 1000 ओपीडी-120 आईपीडी की क्षमता पर चल रही है, जबकि वर्तमान में मरीजों की तादात तिगुनी हो चुकी है। ऐसे में व्यवस्था संभालना मुश्किल हो रहा है, साथ ही डाक्टर और स्टाफ पर बोझ बढ़ चुका है।

पैर रखने की जगह नहीं

सिम्स में मेडिसीन और स्कीन विभाग में आम दिनों में पैर रखने की जगह नहीं होती है। मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दिन और रात के तापमान में आ रही भारी गिरावट की वजह से मौसम लोगों पर कहर बरपा रहा है। घर-घर लोग बीमार पड़े हैं। सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीज बढ़ चुके है। तापमान में असामान्य बढ़त और कमी के कारण लोगों को संक्रमण की समस्या ज्यादा हो रही है। यही हाल स्कीन विभाग का है, जहां मरीजों की रोजाना संख्या 300 के पार पहुंच रही है।

मरीजों का विश्वास जमा

डाक्टरों का कहना है कि सिम्स में आने वाले ज्यादातर मरीज गरीब तबके से आते हैं, लेकिन सुविधाएं बढ़ने के साथ ही हर वर्ग के लोगों का सिम्स में इलाज हो रहा है। यही कारण है कि मरीजों की तादात दिन ब दिन बढ़ रही है। हालत यह है कि पेंड्रा, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, कटघोरा, बिल्हा, मस्तुरी जैसे जगहों से मरीज पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि सुपर स्पेशलिटी इलाज को छोड़ किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया जाता है, कुछ समय तक आर्थोपेडिक और ईएनटी में रेफर किया जाता रहा है, लेकिन अब इन विभागों में पूरी तरह से रेफर बंद है।

जांच और रिपोर्ट में देरी

खास बात यह है कि ओपीडी और आईपीडी में डाक्टरों से इलाज मिल रहा है, लेकिन जांच और रिपोर्ट के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है, दरअसल पूरे अस्पताल में 3 पाली में स्टाफ की ड्यूटी लगाई जा रही है, लेकिन इसके बाद भी सोनोग्राफी, एक्सरे, एमआरआई, पैथोलॉजी विभाग में मरीजों को जांच व रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। दरअसल स्टाफ की कमी और संसाधनों की सीमित क्षमताओं के चलते रिपोर्ट और जांच में देरी हो रही है।

सभी का हो रहा इलाज

वर्तमान में सामान्य तौर पर 1 हजार से 12 सौ मरीजों को आराम से अस्पताल में संभाला जा सकता है, दिक्कत इस बात की है कि इससे तीन गुना अधिक मरीज आ रहे है। इसके बावजूद डाक्टर उन्हें वापस नहीं भेज रहे हैं, सभी का इलाज किया जा रहा है। कुछ जगहों पर जांच व रिपोर्ट में देरी हो रही है, लेकिन रेफर नहीं किया जा रहा है। सिम्स अस्पताल में लोगों का विश्वास पहले से मजबूत हो चुका है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

अमर ने हटवाए अपने फ्लैक्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व मंत्री व शहर विधायक अमर अग्रवाल का कल 22 सितंबर को जन्मदिन है, इस अवसर पर उत्साहित समर्थकों ने कई ऐसी जगह बैनर, पोस्टर और बड़े बड़े फ्लैक्स लगा दिए, जिससे यातायात बाधित होने लगा। श्री अग्रवाल ने समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं से ऐसी जगह बैनर पोस्टर न लगाने की अपील की, जिससे लोगों को समस्या हो।

- यातायात व्यवस्थित रखने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से की अपील

उन्होंने अपने घर के आसपास भी लगाए गए कई पोस्टर, फ्लैक्स को निगम अमले से निकलवा दिया। जन्मदिन को देखते हुए समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिंक रोड को बैनर पोस्टर से पाट दिया था। श्री अग्रवाल के घर के आसपास अधिकारियों के बंगले हैं, आगे गर्ल्स कालेज भी है, जानकारी के अनुसार श्री अग्रवाल की नजर इन पोस्टरों पर पड़ी, तो उन्होंने निगम अमले से इसे हटाने कहा। कुछ ही देर में निगम अमले ने कही बड़े बैनर पोस्टर हटा दिए। इसके बाद श्री अग्रवाल ने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के नाम एक अपील जारी की, इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि किसी भी सार्वजनिक जगह, या ऐसी जगह बैनर पोस्टर न लगाएं, जिससे यातायात बाधित होता हो या आम लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता हो। इस संबंध में विधायक श्री अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने स्वयं बैनर पोस्टर हटाने कहा था, ताकि किसी को परेशानी न हो। हालांकि श्री अग्रवाल के जन्मदिन संबंधी पोस्टर निगम अमले द्वारा हटाए जाते देख तरह तरह की चर्चा शुरू हो गई।

यूजी-पीजी मिलाकर 33 हजार 329 स्टूडेंट्स ने लिया एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में रिक्त सीटों को भरने के लिए 19 सितंबर तक प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई थी जो अब समाप्त हो गई है। अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में इस सत्र यूजी-पीजी मिलाकर कुल 57 हजार 316 सीटें थी, जिनमें से 33 हजार 329 सीटों पर एडमिशन हुआ है, जबकि 23 हजार से अधिक सीटें रिक्त रह गई है।

- कालेजों में एडमिशन की तिथि समाप्त
- यूजी-पीजी में थी कुल 57 हजार 316 सीटें

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में प्रवेश के लिए इस सत्र को जो कार्यक्रम जारी किया गया था, उसके अनुसार प्रवेश प्रक्रिया अब समाप्त हो चुका है। कालेजों में जुलाई माह के शुरुआत से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 31 अगस्त तक चली है। इस तरह लगभग दो महिना तक कालेजों में प्रवेश ही चलता रहा। लेकिन शुरुआत में स्नातक फर्स्ट ईयर में एडमिशन काफी धीमा रहा। एडमिशन की धीमी गति के पीछे वजह एक तो इंजीनियरिंग कालेजों में भी एडमिशन चल रहा था। इसके अलावा मेडिकल में एडमिशन की तैयारी में लगे हुए छात्र-छात्राएं भी कालेजों में एडमिशन नहीं ले पाएं थे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट, सीयूईटी का रिजल्ट आ गया था और गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी यूजी कोर्सेस में एडमिशन शुरू हुआ हो गया था। इसलिए सीयूईटी के आधार सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी कई छात्र एडमिशन का इंतजार कर रहे थे। इसलिए शुरुआत में कालेजों में कम ही एडमिशन हुए थे। इसके चलते कालेजों में काफी सीटें खाली रह गई थी। इसलिए छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में रिक्त सीटों को भरने के लिए 19 सितंबर तक प्रवेश तिथि बढ़ा दी थी। अब कालेजों एडमिशन समाप्त हो चुका है और यूजी-पीजी मिलाकर कुल 57 हजार 316 सीटों में से 33 हजार 329 सीटों पर स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है, जबकि 23 हजार 987 सीटें यूजी-पीजी की रिक्त रह गई है।

1 लाख 19 हजार 555 रजिस्ट्रेशन

नए शिक्षण सत्र के लिए अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में 16 जून से ही आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया था। फ्रेशर छात्र-छात्राओं के लिए एक से अधिक पाठयक्रम एवं कालेजों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन का विकल्प दिया गया था। यूजी पाठयक्रमों की तरह ही पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए भी पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस तरह यूजी-पीजी दोनों पाठयक्रमों के लिए स्टूडेंट्स की ओर से 1 लाख 19 हजार 555 आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया था।

बाइक सवार दंपती को बस ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

बिलासपुर। काम पर जा रहे बाइक सवार दंपती को पीछे से यात्री बस के चालक ने टक्कर मार दी। चक्का चढ़ जाने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

- महाराणाप्रताप चौक के पास हुआ हादसा

सिविल लाइन थाना प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप ने बताया, पण्डरिया किशनुगढ़ निवासी विरेन्द्र साहू अपनी पत्नी दुवसिया बाई साहू 35 साल के साथ चिंगराजपारा में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी कर रहे थे। 21 सितंबर की सुबह दोनों बाइक से काम करने तिफरा जा रहे थे। सुबह 8 बजे राजीव गांधी चौक व महाराणाप्रताप चौक के बीच पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे यात्री बस के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक



को टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी बाइक सहित सड़क पर गिर गए। भागने के फेर में बस का चक्का महिला के ऊपर से चढ़ गया। ड्राइवर बस लेकर तिफरा की ओर भाग गया। हादसे में दुवसिया बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सिम्स ले जाकर भर्ती कराया। 2 घण्टा इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तीन सूने मकानों में चोरी नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

बिलासपुर। तीन सूने मकानों में चोरी करने वाले नाबालिग सहित 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 5 लाख रुपए के जेवर व नकद रकम, बाइक जब्त की गई है।

कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू क्षेत्र में 10, 15, 18 सितंबर को तीन सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया गया था। टीआई जितेन्द्र गुप्ता टीम बनाकर घुटकू क्षेत्र में चोरों के पतासाजी में जुटे हुए थे। सूचना पर घुटकू निवासी राहुल यादव पिता दिनेश यादव 22 साल से कड़ाई बरतने पर उसने अपने साथी घुटकू निवासी भीम शंकर वर्मा उर्फ करिया पिता स्व.



इतवारी वर्मा 20 साल, राकेश कुमार यादव उर्फ भोलू पिता सरजू प्रसाद यादव 28 साल व एक नाबालिग के साथ मिलकर तीनों मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर उनके घरों से चोरी के जेवर 1 किलो 90 ग्राम चांदी के आभूषण, 12 तोला सोने के आभूषण, 2 बाइक, 1 मोबाइल, 6 हजार 700 रुपए नकद, चोरी की वारदात में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया गया है।

चाकू लहराते दो बदमाश गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस को सूचना मिली ओवरब्रिज के पास आपराधिक प्रवृत्ति के दो बदमाश चाकू लहराकर अशांति फैला रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर शनि ध्रुव पिता नरोत्तम ध्रुव 23 सा विकास नगर चकरभाठा, शुभम वर्मा पिता स्व. अभिमन्यू वर्मा 30 साल वार्ड क्रमांक 9 वर्मा मोहल्ला चकरभाठा निवासी को पकड़कर दो नग चाकू बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

झपट्टा मारकर युवक से लूटा मोबाइल

बिलासपुर। बाइक सवार युवक झपट्टा मारकर एक अन्य युवक के हाथ से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा निवासी बृदी यादव पिता अमरनाथ यादव तिफरा एसबीआई बैंक के सामने खड़े होकर मोबाइल में बात कर रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 28 यू. 3118 में सवार दो युवक झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

नशे में युवती ने बीयर बार कर्मचारी के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हैवन्स पार्क बीयर बार में बिल पटाने को लेकर नशे में एक युवती ने उपद्रव मचाते हुए कर्मचारी से मारपीट कर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। होटल के बाहर नशे में युवती का हंगामा मचाते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।



वीडियो वायरल

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 20 सितंबर की रात 10 बजे कुछ लड़के व लड़कियां टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित हैवन्स पार्क बीयर बार शराब पीने गए थे। रात 12.30 बजे तक सभी बार में बैठकर शराब पी रहे थे। बंद करने का समय होने पर कर्मचारी अंजना दीवान 10 हजार का बिल लेकर उनके टेबल में गई। बिल पटाने को लेकर पेमा नामक युवती हंगामा मचाने लगी और भागने के लिए होटल के बाहर आ गई। कर्मचारियों ने पकड़ा तो वह उपद्रव मचाने लगी और फिर से बीयर बार में जाकर कर्मचारी अंजना दीवान के साथ मारपीट कर कांच व अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। नशे में युवती का हंगामा मचाते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने कर्मचारी अंजना दीवान की रिपोर्ट पर पेमा नामक युवती के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 324, 352 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।





